भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *250

उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

झारखंड में भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाएं

***250. श्रीमती गीता कोडाः**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाएं झारखंड राज्य में बाधित रहती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में केन्द्र सरकार को विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य सरकार से अब तक कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जवाब देही तय की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"झारखंड में भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाएं" के बारे में लोक सभा के दिनांक 11 मार्च, 2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *250 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला वि□वरण।

(क) भारतीय दूरसंचार वि□नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सेवा गुणवत्ता विनियमों के माध्यम से स्वयं द्वारा निर्धारित किए गए वि□भिन्न सेवा गुणवत्ता पैरामीटरों के बेंचमार्क के आधार पर भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सहित सेवा प्रदाताओं के कार्य निष्पादन की निगरानी की जाती है। सेवा गुणवत्ता पैरामीटरों के आधार कार्य निष्पादन की यह निगरानी, तिमाही कार्य निष्पादन निगरानी रिपोर्टों (पीएमआर) के माध्यम से सेवा प्रदाताओं द्वारा ट्राई के कार्य निष्पादन की रिपोर्टिंग करके की जाती है और कार्य निष्पादन का आकलन संपूर्ण सेवा क्षेत्र के लिए किया जाता है।

सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए ट्राई द्वारा जारी कार्य निष्पादन निगरानी रिपोर्ट (पीएमआर) के अनुसार, बीएसएनएल झारखंड में बेसिक (वायरलाइन), सेलुलर मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाओं के सभी बेंचमार्कों को पूरा कर रहा है।

(ख) से (घ) भारत संचार निगम लिमिटेड ने सूचित किया है कि राज्य सरकार से सेवा बाधित होने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तथापि, गत तीन वर्षों के दौरान झारखंड में राज्य सरकार की कार्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) से वैयक्तिक रूप से पांच (5) शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ऐसे मामलों में बीएसएनएल द्वारा समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की गई है।

दूरसंचार वि□भाग द्वारा भी सेवा गुणवत्ता पैरामीटरों सहित बीएसएनएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा की जाती है।

****